**आज का मौसम**

तेज हवा चलने और भारी बारिश के आसार।

33.0⁰ अधिकतम तापमान | 25.0⁰ न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**

- श्री सनातन धर्म मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से मंदिर के 26 वें प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर एक शाम श्री राधा नाम गुणगान शाम 7 :30 बजे।
- श्री सोमनाथ मंदिर प्रभात नगर में सामूहिक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा पर कलश यात्रा सुबह 8 बजे और कथा शाम 4 से 7 बजे।
- वरिष्ठ नागरिक कल्याण सेवा समिति की ओर से विश्व योग सप्ताह के तहत कार्यक्रम डीडीपुरम पार्क में सुबह 6 बजे से।
- मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्री राम कथा रात 8 बजे से।

# जलभराव से निजात के लिए मास्टर प्लान

## शासन ने सीएंडडीएस को दी जिम्मेदारी, टेंडर की प्रक्रिया हुई शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बारिश में शहर को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए मास्टर प्लान बनाया जा रहा है। इसके लिए सर्वे शुरू कर दिया है। मास्टर प्लान की जिम्मेदारी शासन ने सीएंडडीएस को दी है। टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

नगर निगम के 106.47 वर्ग किलोमीटर और बरेली विकास प्राधिकरण (मास्टर प्लान 2031) के 501.72 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में ड्रेनेज सिस्टम को ठीक करने के लिए मास्टर प्लान बनाया जाना है। इसमें टोपो ग्राफिकल सर्वे, फील्ड सर्वे, डाटा एनालिसिस, सेटेलाइट इमेज और जीआईएस जैसी तकनीक का इस्तेमाल किया जाना है। इसके तहत जलभराव से पूरे शहर को मुक्त करने की योजना है। इसके लिए नगर निगम ने कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेस (सीएंडडीएस) को जिम्मेदारी दी है।



**स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम बनाया जाएगा**

नगर निगम के निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने बताया कि शहरी सड़कों का रोड रजिस्टर किया जाएगा। इससे सड़कों की वास्तविक स्थिति और मरम्मत की आवश्यकता आदि का पूरा ब्योरा रहेगा। इसके लिए स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज पर काम किया जाएगा। इससे जलभराव की समस्या से काफी हद तक निजात मिल जाएगी।

> जलभराव की समस्या को लेकर मास्टर प्लान पर काम किया जा रहा है। इसके लिए सीएंडीएस ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है।
> – **संजीव कुमार मौर्य**, नगर आयुक्त

**रास्ता बंद होने से बढ़ी परेशानी**




सुभाषनगर पुलिया के नीचे नाले की सफाई की वजह से चार दिनों से लोग परेशान हो रहे हैं। ट्रैफिक डायवर्जन होने की वजह से लोग जान जोखिम में डालकर निकल रहे हैं। गुरुवार को भी पूरे दिन लोगों की आवाजाही होती रही। ● अमृत विचार

# जलभराव के साथ अधूरी सड़कों ने बढ़ाई मुश्किल

## शहर में 35 से अधिक सड़कों का निर्माण कार्य अधूरा, कहीं जलभराव तो कहीं कीचड़ से होकर गुजर रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बारिश में जलभराव के साथ टूटी और अधूरी सड़कों ने लोगों की समस्या और बढ़ा दी है। नगर निगम और ठेकेदारों की लेटलतीफी के कारण निर्माणाधीन सड़कों से गुजरने वाले लोगों को जलभराव और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है। कई बार लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। शहर के विभिन्न वार्डों में 35 से अधिक जगहों पर सड़कों का निर्माण काम तो शुरू कर दिया गया लेकिन कब पूरा होगा, इसका कुछ पता नहीं है।

नगर निगम से लाखों रुपये का टेंडर लेकर सड़क निर्माण कराने की जिम्मेदारी लेने वाले ठेकेदारों और विभागीय अफसरों की निगरानी में लापरवाही के कारण समय पर सड़कें नहीं बन सकी हैं। संजय नगर में करीब 150 मीटर की आरसीसी सड़क बननी है। सड़क निर्माण के लिए इसे खोदकर छोड़ दिया गया है। इसके कारण बारिश में जलभराव की समस्या हो रही है।



अशरफ खां छावनी में अधूरी सड़क पर जलभराव। ● अमृत विचार

बंडिया में 400 मीटर की सड़क का टेंडर करीब सात माह पहले हुआ था। दिसंबर में ठेकेदार ने कुछ मिट्टी गिराकर छोड़ दी। इस समय सड़क कच्चे मार्ग में तब्दील हो गई है। इसके कारण लोगों को कीचड़ और फिसलन के बीच आना-जाना पड़ रहा है। मोहल्ले के निवासी असगर अली ने बताया कि सड़क खराब होने के कारण काफी परेशानी हो रही है। बबलू सक्सेना ने बताया कि सड़क का निर्माण कराने के लिए कई बार कहा गया लेकिन अब तक समस्या का निदान नहीं हो सका है। मोहम्मद तकी ने बताया कि सड़क पर बारिश के कारण जलभराव हो गया है। इसके कारण लोग गिरकर घायल हो जा रहे हैं।

शास्त्री नगर वार्ड के अशरफ खान छावनी के आंबेडकर पार्क को जाने वाली सड़क खोदकर मिट्टी डाल दी गई है। काफी समय से लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है। कई लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं लेकिन काम की रफ्तार काफी धीमी है।



संजयनगर में अधूरा छोड़ा गया सड़क का निर्माण कार्य। ● अमृत विचार

**गहरी पैठ के दम पर ले लिए काम समय से कैसे पूरा करेंगे**

नगर निगम में गहरी पैठ के दम पर कुछ ठेकेदार कई निर्माण कार्य के ठेके लेने में सफल हो गए है, पर काम की अधिकता के कारण उनको समय से पूरा करना मुश्किल साबित हो रहा है। इस वजह से विभिन्न वार्डों की सड़क बारिश के दिन में अधूरी पड़ी हुई हैं।

> निर्माणाधीन कार्यों का औचक निरीक्षण कर समय से पूरा करने का निर्देश दिए गए हैं। टेंडर लेने के बाद भी काम पूरा करने में देरी करने वाले फर्म को नोटिस जारी जवाब मांगा जा रहा है।
> – **संजीव कुमार मौर्य**, नगर आयुक्त



बंडिया में सड़क का निर्माण न होने से हो गए हैं गड्ढे। ● अमृत विचार

## रोडवेज में शुरू होगी ऑनलाइन एमएसटी की व्यवस्था

**बरेली, अमृत विचार :** रोडवेज के दैनिक यात्री अब घर बैठे ऑनलाइन मासिक सीजन टिकट (एमएसटी) बनवा सकेंगे। उन्हें बस स्टैंड के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। अफसरों के अनुसार बरेली रीजन में जल्द यह सुविधा शुरू करने की तैयारी है।

एमएसटी की वर्तमान में जो व्यवस्था है, उसमें यात्री को बस स्टैंड पर बने टिकट काउंटर पर आधार कार्ड, फोटो और शुल्क जमा करना होता है। विभाग के अनुसार एमएसटी से यात्री 100 किलोमीटर तक यात्रा कर सकते हैं। इसकी वैधता अवधि खत्म होने से पहले इसका नवीनीकरण भी कराया जा सकता है। अभी प्रतिदिन करीब 40 से 45 यात्री एमएसटी बनवाने आ रहे हैं। विद्यार्थियों और नौकरीपेशा दोनों ही इस सुविधा का लाभ ले रहे हैं। आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि एमएसटी का किराया सामान्य टिकट के मुकाबले काफी कम होता है। ऑनलाइन व्यवस्था लागू करने पर विचार चल रहा है। नई व्यवस्था लागू किए जाने के बाद यात्रियों का समय और पैसा दोनों बचेंगे।

## जुलाई माह का राशन वितरण आज से

**बरेली, अमृत विचार :** जुलाई माह का राशन वितरण 20 जून से 10 जुलाई तक किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी कोटेदारों को सुबह 6 से रात 9 बजे तक दुकानें खोलकर राशन वितरण करने के निर्देश दिए हैं।

जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि जुलाई माह का राशन वितरण शुक्रवार से शुरू किया जाएगा, जिसमें अंत्योदय कार्ड धारकों को 14 किलो गेहूं और 21 किलो चावल कुल 35 किलो निशुल्क प्रति कार्ड की दर से वितरित किया जाएगा। इसी तरह पात्र गृहस्थी योजना के तहत दो किलो गेहूं प्रति यूनिट और 3 किलो चावल प्रति यूनिट का निशुल्क वितरण किया जाएगा। वितरण की अंतिम तारीख 10 जुलाई निर्धारित की गई है।

# जननी सुरक्षा: स्टाफ नर्सों का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सीएमओ को समीक्षा में सात सीएचसी की स्थिति जेएसवाई भुगतान में नहीं मिली संतोषजनक

**अमृत विचार :** जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई) का लाभ किस प्रकार मरीजों को मिल रहा है। इसका खुलासा बुधवार को हुई विभागीय समीक्षा बैठक में हुआ।

जिले के सात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवतियों के होने वाले प्रसव के बाद उनके खाते में जेएसवाई का भुगतान लंबे समय से लंबित है। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने इन स्वास्थ्य केंद्र में मातृत्व स्वास्थ्य की जिम्मेदारी देख रहीं स्टाफ नर्सों का अग्रिम आदेश तक जून माह का वेतन रोकने की संस्तुति की है।

**सीएचसी प्रभारियों को चेतावनी**

सीएमओ ने समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित सीएसची के प्रभारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि केंद्र पर प्रसव कराने वाली गर्भवतियों का योजना के तहत भुगतान तय समय में करने के आदेश लगातार दिए जा रहे हैं, इसके बाद भी सुधार नहीं हो रहा है। सीएमओ में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

**इन केंद्रों की स्थिति दयनीय**

वर्ष 2025 में अप्रैल से 17 जून तक स्वास्थ्य केंद्र शेरगढ़ में कुल 349 प्रसव हुए, जिसके सापेक्ष 49 .86 फीसदी, मुड़िया नवी बख्श में 332 प्रसव के सापेक्ष 49 .70, मीरगंज में 274 प्रसव के सापेक्ष 38 .69, भमोरा में 361 प्रसव के सापेक्ष 31 .30, कुआटांडा में 243 के सापेक्ष 28 .40, बहेड़ी में 239 के सापेक्ष 19 .67 और फतेहगंज पश्चिमी में 231 प्रसव के सापेक्ष 10 .39 फीसदी ही भुगतान मरीजों को किया गया है, जो काफी असंतोषजनक स्थिति है।

## स्वकर फार्म में जांच का पेच, छूट के 10 दिन शेष

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम ने हाउस टैक्स जमा करने के लिए 10 प्रतिशत छूट के साथ 30 जून तक की तिथि निर्धारित की है लेकिन स्वकर फार्मों की जांच प्रक्रिया होने के कारण लोगों का टैक्स समय पर जमा नहीं हो पा रहा है। अब छूट का समय सिर्फ 10 दिन ही रह गया है।

भवनस्वामियों को पिछले साल बताया गया था कि जीआईएस सर्वे के बाद भवन स्वामी स्वकर फार्म जमा कर सकते हैं। इनकी जांच मेयर और नगर आयुक्त के बिना आदेश के नहीं की जाएगी लेकिन हकीकत तो यह है कि प्रत्येक फार्म की जांच विभाग कर रहा है। सपा पार्षद राजेश अग्रवाल ने बताया कि विभाग नियमों की अनदेखी कर स्वकर फार्म की जांच करा रहा है। इससे भवन स्वामियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। इसकी शिकायत की जाएगी। सपा पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना ने बताया कि लोग बिल जमा करना चाहते हैं लेकिन गलत बिल के कारण परेशानी हो रही है। इस वजह से काफी संख्या में लोगों के बिल नहीं जमा हो रहे हैं।

अप्रैल और मई के पहले सप्ताह तक सॉफ्टवेयर अपडेट होने के कारण लोगों के बिल नहीं जमा हुए थे। अब तक करीब 14 करोड़ रुपये का हाउस टैक्स जमा हुआ है। पार्षदों का कहना है कि अगर विभाग स्वकर फार्मों में जांच का पेच नहीं फंसाता तो अब तक यह धनराशि दोगुना होती।

## मौसम ठंडा-गर्म...आंखों में चुभन

- तीन सौ बेड अस्पताल में बढ़ने लगे कंजेक्टिवाइटिस के लक्षण वाले मरीज

**बरेली, अमृत विचार :** मौसम कभी गर्म तो कभी ठंडा हो रहा है। इस वजह से आंखों के संक्रमण के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। तीन सौ बेड अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में रोज 100 से 120 मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें 4 से 6 मरीज वायरल कंजेक्टिवाइटिस के शामिल हैं।

जिला अस्पताल के वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. डीएन सिंह के अनुसार मौसम में बदलाव के चलते वायरल कंजेक्टिवाइटिस के मरीजों की संख्या बढ़ी है। आंखों में खुजली, पानी आना, दर्द, आंखें लाल होने जैसी समस्याएं मरीजों में देखने को मिल रही हैं।

बारिश के बाद आंखों के संक्रमण के मरीज बढ़ते हैं। संक्रमण से बचाव के लिए बाहर से घर पहुंचने पर ठंडे पानी से ठीक तरह से आंखों को साफ करें। बार-बार हाथ से आंखों को न छुएं। चश्मे का इस्तेमाल करें।

# डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन पर क्यूआर कोडिंग सिस्टम का पहरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- लोकेशन ट्रैकिंग और रियल टाइम क्लीनिंग रिपोर्टिंग की व्यवस्था शुरू

**अमृत विचार :** शहर को साफ सुथरा बनाने के लिए डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के तहत अब नगर निगम के सभी वार्डों में क्यूआर कोड व्यवस्था को लागू कर दिया गया है। इसके तहत लोगों के घरों के बाहर क्यूआर कोड लगाए गए हैं। कूड़ा उठाने वाले वाहन चालक को बार कोड स्कैन करना होगा। शहर में दो एजेंसियां को चारों जोन में कूड़ा कलेक्शन की जिम्मेदारी दी गई है। पहले यह व्यवस्था सिर्फ 37 वार्डों में थी।

80 वार्डों में सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के लिए डिजिटल ट्रैकिंग, जीपीएस आधारित वाहनों की लोकेशन और रियल टाइम क्लीनिंग रिपोर्टिंग शुरू कर दी गई है। किसी भी तरह की लापरवाही पर तुरंत कार्रवाई की जा सकेगी। लोग स्मार्ट फोन से कोड स्कैन कर सफाई संबंधित समस्याओं की जानकारी नगर निगम को घर बैठे दे सकते हैं।




**सफाई के लिए आवंटित बजट**

- वार्डों में ठेके पर सफाई : 18 करोड़ रुपये
- डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन : 12 करोड़ रुपये
- डलावघर से कूड़ा उठान : 12 करोड़ रुपये

**पार्षद ने की शिकायत**

सिकलापुर वार्ड में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन सही तरीके से न होने पर पार्षद जय प्रकाश राजपूत ने एजेंसी की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए शिकायत की है। उन्होंने बताया कि कूड़ा कलेक्शन के नाम पर लाखों रुपये बर्बाद किए जा रहे हैं। आरोप लगाया है कि कूड़ा कलेक्शन करने वाली एजेंसी झूठी रिपोर्ट दे रही है। वार्ड के 1618 घरों से अगर कूड़ा लिया जा रहा है तो कूड़ा सड़क के किनारे कैसे पड़ रह रहा है।

# आंवला तहसील में बड़ी फैक्ट्रियां खुलवाएं ताकि बेरोजगारों को मिल सके रोजगार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पशुधन मंत्री ने अफसरों के साथ गोसंरक्षण एवं चारागाह के संबंध में की बैठक
- फर्नीचर, साड़ी, सुरमा के व्यापार को बढ़ावा दें, जिससे बरेली की बनी रहे पहचान

**अमृत विचार :** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री ने बुधवार दोपहर सर्किट हाउस में डीएम सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि आंवला तहसील में नई बड़ी फैक्ट्रियों को खुलवाएं, ताकि बेरोजगारों को रोजगार मिल सके। फर्नीचर, साड़ी व सुरमा के व्यापार को बढ़ावा दें, जिससे बरेली की पहचान बनी रहे।

मंत्री ने पहले जिलाधिकारी अविनाश सिंह और पुलिस अधीक्षक (नगर) मानुष पारिक के साथ गो संरक्षण, चारागाह व हरे चारे की व्यवस्था आदि के संबंध में बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकास एवं सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। जिले में पूंजी का निवेश अधिक से अधिक कराएं। निर्देश दिए कि आंवला तहसील में नई फैक्ट्रियां खुलवाएं, जिससे युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिले। कावड़ यात्रा को श्रद्धा भाव से निकालने के प्रबंध कराएं। मुख्यमंत्री का मानना है कि कांवड़ यात्रा को व्यवस्थित तथा शांतिपूर्ण ढंग से निकलवा जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी कांवड़ यात्रा में कावड़ ले जा रहे श्रद्धालुओं के साथ शालीनता पूर्ण व्यवहार करें।



सर्किट हाउस में अफसरों के साथ बैठक करते पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह। ● अमृत विचार

**सप्ताह में एक बार गोशालाओं का निरीक्षण करें, एक अतिरिक्त शेड बनवाएं**

पशुधन मंत्री ने अफसरों से कहा कि निराश्रित गोवंश सरकार की प्राथमिकता में है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। सप्ताह में एक बार गोशालाओं का निरीक्षण जरूर करें। यह अवश्य देखें कि गोशालाओं में गायों के खाने के लिए हरा चारा, भूसा, गायों को गर्मी से बचाने के लिए टीन शेड या ठंडे पानी की व्यवस्था है या नहीं, साफ-सफाई दुरुस्त कराएं। गोशाला में बीमार गायों को उपचार उपलब्ध कराएं। हर गोशाला में एक अतिरिक्त पशु शेड बनवाएं, जिससे अधिक से अधिक गाय उसमें रखी जा सकें। किसानों को खाद आसानी से उपलब्ध हो सके, उन्हें इधर-उधर भटकना न पड़े, ऐसी व्यवस्था बनाएं।

**चारागाह की भूमि को शीघ्र कब्जा मुक्त कराएं**

पशुधन मंत्री ने अफसरों को निर्देश दिए कि चारागाह की भूमि को शीघ्र कब्जा मुक्त कराएं। कब्जामुक्त भूमि पर हरा चारा उगाएं। किसानों को अधिक से अधिक देसी गाय दें, जिससे वह उस गाय के दूध को बेचकर रोजगार कर सकें। गाय को गो माता का दर्जा दिया गया है।

# अतिरिक्त प्रभार तो कहीं संयुक्त बीडीओ चला रहे ब्लॉक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 15 में से आठ ब्लॉकों में स्थाई बीडीओ की नियुक्ति नहीं, कई का हो गया तबादला
- दूसरे जिले से स्थानांतरित होने वाले बीडीओ ने नहीं लिया चार्ज करा लिया निरस्त

**अमृत विचार :** जिले में ब्लॉकों में बीडीओ (खंड विकास अधिकारी) की भारी कमी है। स्थिति यह है कि आधे से ज्यादा ब्लॉकों पर स्थाई बीडीओ की तैनाती नहीं है। कहीं जिला स्तरीय अधिकारी को ब्लॉक का अतिरिक्त प्रभार देकर काम चलाया जा रहा है तो कई जगहों पर संयुक्त बीडीओ को ब्लॉक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ऐसे में विकास की योजनाओं के क्रियान्वयन में समस्याएं आ रहीं हैं। दूसरे जिलों से स्थानांतरित हुए कई बीडीओ ने यहां पर आकर चार्ज नहीं लिया और तबादला निरस्त करा लिया है। ऐसे में अभी समस्या दूर होने की उम्मीद भी कम नजर आ रही है।

जिले में 15 ब्लॉक हैं। इसमें से बहेड़ी में आशीष पाल, फतेहगंज पश्चिमी में आनंद विजय यादव, दमखोदा में राजीव वर्मा, शेरगढ़ में सुखपाल सिंह, मीरगंज में भगवान दास, मझगवां में हर्षेंद्र सिंह ही स्थाई तौर पर बीडीओ के पद पर तैनात हैं। जबकि आलमपुर जाफराबाद में बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार हर्षेंद्र सिंह के पास है। भुता के बीडीओ कुलदीप कुमार का दूसरे जिले में तबादला हो गया है। फरीदपुर में संयुक्त खंड विकास अधिकारी रामशंकर सिंह, नवाबगंज में महेंद्र चंद्र शाक्य और भदपुरा में संयुक्त खंड विकास अधिकारी कमल सिंह कार्यभार संभाल रहे थे।

इसमें से कमल सिंह का भी दूसरे जिले में तबादला कर दिया गया है। रामनगर ब्लॉक में ओमप्रकाश की तैनाती है और इनके ही पास क्यारा का अतिरिक्त प्रभार है। इसी तरह से भोजीपुरा ब्लॉक में बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार देख रहे कमल किशोर श्रीवास्तव का भी तबादला हो गया है।

जबकि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अंजना सिरोही के पास बिथरी चैनपुर का अतिरिक्त प्रभार हैं। वहीं, बाराबंकी से आलोक वर्मा, चंदौली से विकास सिंह, बागपत से ज्योति बाला और लखीमपुर से बीडीओ प्रदीप कुमार का बरेली के लिए तबादला किया गया था, इसमें से आलोक वर्मा, विकास और ज्योति बाला ने तबादले को निरस्त करा लिया है। ऐसे में जिले से स्थानांतरित हुए बीडीओ की जिम्मेदारी देख रहे अधिकारियों को अभी रिलीव नहीं किया जा रहा है क्योंकि इनके चले जाने से समस्या और गहरा जाएगी।

**स्थाई नियुक्ति न होने से प्रभावित होती हैं योजनाएं**

बीडीओ की ब्लॉक क्षेत्र में विकास से संबंधित सभी कार्यों की देखरेख करना और उन्हें लागू कराने में अहम भूमिका होती है। मौजूदा समय में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास, वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग पेंशन के सत्यापन, जीरो पॉवटी, फैमिली आईडी, मनरेगा से जुड़े कार्यों को गति देना, आयुष्मान योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों को संचालित कराने का भी जिम्मा है। स्थाई नियुक्ति न होने की वजह से पूरा समय एक ही कार्य क्षेत्र में न दे पाने की वजह से कार्य प्रभावित होते हैं। समय का अभाव में योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी से जनता पर असर पड़ता है।

> सात ब्लॉकों में ही बीडीओ की स्थाई तैनाती है। अन्य जगहों पर अतिरिक्त प्रभार है। स्थाई नियुक्ति न होने से कार्य प्रभावित होते हैं, लेकिन फिर भी बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं।
> **दिनेश कुमार**, डीडीओ

## सर्वर डाउन होने की वजह से पासपोर्ट आवेदक हुए परेशान

- दूसरे जिले से आए आवेदकों को निराश होकर लौटना पड़ा

**बरेली, अमृत विचार :** पासपोर्ट सेवा केंद्र का सर्वर डाउन होने से आवेदकों को गुरुवार को परेशानी का सामना करना पड़ा। पूरा दिन इंतजार करने के बाद भी समस्या दूर नहीं हुई तो आवेदक निराश होकर वापस लौट गए।

पीलीभीत बाईपास स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र पर पासपोर्ट नवीनीकरण, दस्तावेज सत्यापन आदि काम कराने के लिए हर रोज मैनपुरी, एटा, फिरोजाबाद, कासगंज, शाहजहांपुर, बदायूं, पीलीभीत, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, संभल, बिजनौर और अमरोहा जिले के सैकड़ों आवेदक आते हैं। गुरुवार को देशभर में तकनीकी कमी के चलते दिक्कत रही। इससे पीलीभीत बाईपास स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र पर भी दिक्कत हुई। यहां सैकड़ों की संख्या में आवेदक सुबह से ही लाइन में लग गए। उसके बाद जब 9 बजे कार्यालय खुला तो कर्मचारियों ने बताया कि सर्वर काम नहीं कर रहा है। आवेदक दोपहर तक इंतजार करते रहे। सर्वर नहीं होने से आवेदन, सत्यापन आदि कार्य प्रभावित होने लगे। घंटों इंतजार करने के बाद भी सर्वर नहीं आया तो बाहर से आए आवेदकों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा होते देख स्टाफ सभी आवेदकों को प्रत्येक आधे घंटे बाद सर्वर की स्थिति बताता रहा, लेकिन शाम तक सर्वर में कोई सुधार नहीं हुआ। उसके बाद आवेदकों के स्लॉट री-शिड्यूल करके उन्हें समझाकर वापस भेज दिया गया।




# सनसिटी और महानगर में पूरी रात बिजली गुल, सबस्टेशन पर हंगामा

## 33 केवी की लाइन में बुधवार रात आई खराबी, गुरुवार सुबह बहाल हो सकी आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बारिश में बिजली संकट लगातार गहराता जा रहा है। सनसिटी और महानगर क्षेत्र में बुधवार रात 8:30 बजे 33 केवी की लाइन में फाल्ट हो गया। इससे पूरी रात बिजली संकट बना रहा। लगातार बिजली गुल रहने से उपभोक्ताओं ने महानगर और सनसिटी सबस्टेशन पर पहुंचकर हंगामा किया। हंगामे की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और लोगों को शांत किया। गुरुवार सुबह पांच बजे आपूर्ति बहाल हुई। इसके बाद दिन में शटडाउन लेने से आपूर्ति बाधित हो गई तो फिर महानगर स्टेशन पर लोगों ने हंगामा किया।

बुधवार रात महानगर और सनसिटी सबस्टेशन की 33 केवी की लाइन ब्रेकडाउन में होने से महानगर, आशुतोष सिटी, वीरसावरनगर, बन्नूवाल नगर, रामायण वाटिका कालोनी, मुंशीनगर, आकांक्षा इंक्लेव, ट्यूलिप गार्डन, छोटी विहार, पीरबहोड़ा, कुर्मांचलनगर आदि क्षेत्र में बिजली गुल हो गई। उपभोक्ताओं ने जब पता किया तो बताया गया कि 12 बजे तक आपूर्ति बहाल हो जाएगी, लेकिन उसके बाद भी आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो उपभोक्ताओं का सब्र जवाब दे गया। जिसके बाद नाराज उपभोक्ता सनसिटी और महानगर सबस्टेशन पर हंगामा करने के लिए पहुंच गए। जिसके बाद सबस्टेशन पर तैनात कर्मचारियों ने उच्च अधिकारियों को हंगामे की सूचना दी। अधिकारियों की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को किसी तरह से शांत कराया। उसके बाद सुबह 5 बजे आपूर्ति बहाल हो सकी।


महानगर सबस्टेशन पर हंगामा करने वालों को समझाती पुलिस।


लाइन की मरम्मत करते कर्मचारी।

- **इन्वर्टर भी दे गए जवाब सुबह पानी की आपूर्ति को भी तरसे लोग**

### डेलापीर और सीबीगंज में भी रहा बिजली संकट

डेलापीर और सीबीगंज सबस्टेशन पर गुरुवार देर शाम बिजली का संकट रहा। डेलापीर सबस्टेशन के सांई रेजीडेंसी की बिजली शाम 5 बजे गुल हो गई और रात 8 बजे आपूर्ति बहाल हो सकी। सुभाषनगर सबस्टेशन के गंगानगर कॉलोनी, राजीव कॉलोनी, बदायूं रोड, पटेल विहार इन्द्रापुरम में कटौती की गई। कुतुबखाना और मिशन सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में फेस नहीं आने की समस्या रही। जगतपुर, दुर्गानगर, किला और कोहाड़ापीर से जुड़े इलाकों में भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान होते रहे। वहीं सीबीगंज में गुरुवार शाम 3 घंटे आपूर्ति बाधित रही। सर्वोदय नगर, महेशपुरा, बिधौलिया, लोहिया विहार, किला आदि में भी बिजली गुल रही। एसडीओ अभिषेक कपासिया ने बताया की लाइन में फॉल्ट हुआ था, जिसे सही कराया जा रहा है।

### हंगामे की सूचना पर नेता भी पहुंचे

सनसिटी सबस्टेशन पर लगातार बिजली गुल होने पर भाजपा पार्षद नरेंद्र सिंह भी सबस्टेशन पर पहुंच गए। उसके बाद सपा के प्रवक्ता मयंक शुक्ला भी पहुंच गए। उन्होंने हंगामा कर लोगों से कहा कि इस क्षेत्र से हर चुनाव में भाजपा को सबसे अधिक वोट मिलते हैं। इसलिए यहां बिजली कटौती भी अधिक की जा रही है।

## एक नजर

### जिले में चार दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** मौसम विभाग ने जिले में चार दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इससे लोगों को गर्मी से भी राहत मिलेगी। बुधवार रात बारिश के बाद गुरुवार को दिन में तेज धूप खिलने से लोगों को गर्मी का अहसास हुआ लेकिन देर रात तेज बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग की वेबसाइट के अनुसार गुरुवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस कम 33.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस कम 25.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आने वाले दिनों में बारिश से दिन और रात के तापमान में और गिरावट दर्ज की जाएगी।

### महिला से अश्लील हरकत विरोध पर दी धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर थाना क्षेत्र की एक महिला के साथ कुछ युवकों ने अश्लील हरकतें की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला ने बताया कि वह बुधवार को एक फुटवियर की दुकान पर चप्पल खरीद रहीं थीं। वहां पर काम करने वाले रेहान चप्पल पहनाने के दौरान उनके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। महिला ने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी।

## बच्ची से छेड़छाड़ के आरोपी को जमानत नहीं

**विधि संवाददाता, बरेली:** कक्षा तीन में पढ़ने वाली आठ वर्षीय छात्रा से छेड़छाड़ के आरोपी थाना कैंट क्षेत्र निवासी नरेश राठौर उर्फ चड्ढा की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट नरेन्द्र प्रकाश ने खारिज कर दी।

सरकारी वकील सुभव कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना कैंट पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 5 मई रात पुत्री सामान लेने के लिए दुकान जा रही थी तभी रास्ते में नरेश राठौर ने पुत्री को रुपये देने के बहाने बहला फुसला लिया और आम के बाग में ले गया और छेड़छाड़ करने लगा। पुत्री के शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए तो नरेश मौके से भाग गया। पुलिस ने छेड़छाड़ पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की।

## युवक की गैर इरादतन हत्या में दो भाइयों समेत चार को 10 वर्ष कैद

विधि संवाददाता, बरेली



- **11 साल पहले साइकिल से टक्कर मारने के बाद लाठी-डंडों से किया था हमला**

**अमृत विचार:** युवक की गैर इरादतन हत्या के आरोपी फरीदपुर के गांव नवादा बिलसंडी निवासी छंगे यादव और उसके भाई ओमवीर यादव, नन्हे यादव, महाराज यादव को कोर्ट ने परीक्षण में दोषी पाया। अपर सत्र न्यायाधीश-11 ने प्रत्येक को 10-10 वर्ष कैद और 20-20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सरकारी वकील तेजपाल सिंह राघव ने बताया कि थाना फरीदपुर के गांव नवादा बिलसंडी निवासी अशोक कुमार ने थानाध्यक्ष फरीदपुर को तहरीर देकर बताया था कि 13 जून 2014 को 4 बजे छंगे यादव ने गलत दिशा से आकर उनके बेटे इंद्रजीत को अपनी साइकिल में बंधे दूध के कंटर से टक्कर मार दी। जब पुत्र ने विरोध किया तो छंगे यादव ने उसको लात घूंसों से मारा। शोर मचाने पर ओमवीर यादव, महाराज यादव अपने हाथों में लाठी-डंडे लेकर आ गए और इंद्रजीत को मारने लगे। इलाज के दौरान बेटे की मौत हो गयी। शासकीय अधिवक्ता ने आठ गवाह पेश किए।

## सिल्ट पलटकर सब्जी विक्रेता की जान लेने वाला चालक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बदायूं निवासी ठेकेदार नईम शास्त्री को पहले ही भेजा जा चुका है जेल**

**अमृत विचार :** ट्राली से सिल्ट पलटकर सब्जी विक्रेता की जान लेने वाले ट्रैक्टर चालक गांव आसपुर प्रीतम राय निवासी शिवपाल को थाना बारादरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी कब्जे में ले लिया है। इस मामले में नगर निगम के ठेकेदार बदायूं निवासी नईम शास्त्री को पहले ही जेल भेजा जा चुका है।

नवादा शेखान निवासी सब्जी विक्रेता सुनील प्रजापति 22 मई की दोपहर घर के बाहर छांव में सो रहे थे। इस दौरान मोहल्ले में नगर निगम का ठेकेदार नईम शास्त्री नालों की सफाई करा रहा था। नाले से निकली सिल्ट को ट्रॉली में भरने के बाद इसे दूसरे स्थान पर फेंकना था, लेकिन ट्राली से सिल्ट सुनील के ऊपर पलट दी गई और दम घुटने के कारण सुनील की मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भाग गया था। सुनील के पिता गिरवर ने नगर निगम के ठेकेदार नईम शास्त्री के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। नईम को पुलिस ने 22 मई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जांच के दौरान सामने आया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव आसपुर प्रीतम राय निवासी शिवपाल चला रहा था। इंस्पेक्टर बारादरी धनंजय पांडेय ने बताया कि ट्रैक्टर चालक शिवपाल को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया गया है।

## जंक्शन के वेटिंग हॉल का एसी खराब, यात्री परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **सीएमआई ने किया निरीक्षण ठेकेदार को जल्द एसी ठीक करने के निर्देश**
- **जनता खाना स्टॉल भी देखा वेंडरों को स्टॉल पर रेल नीर रखने के निर्देश**

**अमृत विचार :** बरेली जंक्शन का वेटिंग हॉल का एसी खराब होने से ट्रेनों का इंतजार करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को सीएमआई ने जंक्शन का निरीक्षण किया। उन्होंने वेटिंग हॉल के ठेकेदार को जल्द एसी ठीक कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने वेंडरों से कहा कि अगर किसी स्टॉल पर रेल नीर की जगह अन्य ब्रांड का पानी बिकता मिला तो उसका लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जनता खाने के स्टॉल को भी चेक किया गया। जंक्शन के बाहर पार्किंग का ठेका लेने वाले ठेकेदारों से कहा कि अगर जंक्शन पर कोई अपने निजी वाहन से किसी यात्री को छोड़ने आए तो उससे किसी तरह का शुल्क न लिया जाए। अगर अवैध वसूली की शिकायत मिली तो कार्रवाई की जाएगी।

**इंटरसिटी एक्सप्रेस के एसी कोच में फिर आई खराबी:** गुरुवार को इंटरसिटी एक्सप्रेस के एसी चेयरकार कोच में फिर खराबी आ गई। इसके बाद नॉन एसी स्लीपर कोच के साथ रवानगी के लिए प्लेटफार्म पर लगा दिया गया। जब यात्रियों को पता चला कि कोच नॉन एसी है तो वे भड़क गए। अफसरों ने यात्रियों को समझाकर ट्रेन से रवाना कराया। पहले भी एसी चेयरकार कोच में खराब आ चुकी है। फिलहाल, सी-1 एसी चेयरकार के स्थान पर इंटरसिटी में एस-1 नॉन एसी स्लीपर कोच लगाया जा रहा है, लेकिन रेलवे टिकट बुकिंग एसी श्रेणी में कर रहा है।

## आनंद विहार स्पेशल 13 घंटे की देरी से पहुंची

**बरेली, अमृत विचार:** ट्रेनों के देरी से चलने की वजह से रोजाना यात्री परेशान हो रहे हैं। बरेली जंक्शन पर गुरुवार को भी कई ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं। इनमें 04020 आनंद विहार स्पेशल 13 घंटे 27 मिनट और 04617 अमृतसर स्पेशल नौ घंटे की देरी से पहुंची। इसके अलावा 05113 आनंद विहार स्पेशल दो घंटे, 12369 देहरादून कुंभ सुपरफास्ट एक घंटा, 15005 राप्ति गंगा एक्सप्रेस चार घंटे, 03222 राजगीर स्पेशल 19 घंटे, 15212 दरभंगा एक घंटा और 15904 डिब्रूगढ़ डेढ़ घंटे की देरी से पहुंची।

**सूबेदारगंज तक चलेगी नियमित ट्रेन :** वहीं रेलवे ने काठगोदाम से सूबेदारगंज तक नियमित ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। जिससे यात्रियों को राहत मिलेगी।

## एबीवीपी का थाने में हंगामा, सछास के जिलाध्यक्ष समेत 18 पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बरेली कॉलेज में एबीवीपी के महामंत्री आनंद कठेरिया से मारपीट का मामला**
- **दोनों पक्षों में पहले से चल रही है तनातनी, एक दूसरे पर लगा रहे आरोप**

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के महानगर मंत्री आनंद कठेरिया के साथ मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज न होने पर गुरुवार को कार्यकर्ताओं ने थाना बारादरी का घेराव कर हंगामा किया। इसके बाद पुलिस ने समाजवादी छात्रसभा (सछास) के जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा, महाकाल सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिकेत शर्मा उर्फ लल्ला समेत 18 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मां वैष्णोपुरम निवासी आनंद कठेरिया ने बताया कि वह 14 जून को बरेली कॉलेज के पिछले पूर्वी गेट पर खड़े थे। आरोप है कि कार और मोटरसाइकिलों से पहुंचे करीब 15 युवकों ने उन्हें घेर लिया। इनमें कई के हाथों में धारदार हथियार और तमंचे थे। इसी दौरान छात्र नेता निखिल राजपूत ने उन्हें जातिसूचक गालियां देते हुए कहा कि तू हमें दलाली करने से रोकेगा। सछास के जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा ने धमकी दी कि तू हमारी बराबरी करने लायक नहीं है और तुझे जान से मार देंगे। अनिकेत शर्मा लल्ला ने तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी।

इसकी शिकायत उन्होंने थाना बारादरी में की लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इससे नाराज एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को थाने का घेराव कर नारेबाजी कर तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब तक आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती, धरना जारी रहेगा। इसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडे ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


बारादरी थाना में रिपोर्ट दर्ज करने की मांग करते एबीवीपी कार्यकर्ता। • अमृत विचार

### सत्ता पक्ष के इशारे पर लिखा गया मुकदमा

इस मामले में सछास के जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा ने बताया कि उनके खिलाफ सत्ता के इशारे पर एक बार फिर एससी-एसटी एक्ट के तहत झूठा मुकदमा दर्ज किया गया है। ऐसा एबीवीपी की बौखलाहट और उनकी बढ़ती जनप्रियता की वजह से किया गया है। छात्रों के हक और समाजवादी विचारधारा की आवाज को दबाने की ये साजिशें नई नहीं हैं। कानूनी और जनआंदोलन दोनों स्तरों पर इसका जवाब दिया जाएगा।

### एसपी से मिले चीफ प्रॉक्टर, कार्रवाई की मांग की

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में छात्र संगठनों से जुड़े अराजकतत्वों पर कार्रवाई की मांग को लेकर गुरुवार को चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे एसएसपी से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे। एसएसपी से मुलाकात न होने पर उन्होंने वहां मौजूद एसपी को कॉलेज के हालात की जानकारी दी और अराजकतत्वों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। एसपी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही अराजकतत्वों पर कार्रवाई की जाएगी।



सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरूष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक

डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)

डॉ. संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAP)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरूषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरूषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृतिम गर्भाधान की सुविधा
सम्पर्क
प्रातः 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कॉलोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली
मो. 9927788842
0581-2510177

## डंपर की टक्कर से घायल साइकिल सवार शिक्षक की 19 दिन बाद मौत

**बरेली, अमृत विचार :** तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से घायल निजी विद्यालय के शिक्षक की इलाज के दौरान 19 दिन बाद मौत हो गई।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के शांति विहार निवासी पंकज पाल ने बताया कि उनके पिता वीरेंद्र सिंह पाल इज्जतनगर क्षेत्र के विशाल कन्या इंटर कॉलेज में शिक्षक थे। वह रोजाना साइकिल से कॉलेज जाते-आते थे। हादसा 30 मई को घर लौटते समय रोड नंबर चार पर तेज रफ्तार डंपर ने उनकी साइकिल को रौंद दिया। इसमें वह गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद डंपर चालक को आसपास के लोगों ने पकड़ लिया।

पिता का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा था। बुधवार रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# जियारत करने गए लोग ईरान में फंसे, परिजनों की बढ़ी चिंता

## जिले के कई जगहों से लोग कर्बला की जियारत करने गए थे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जियारत के लिए गए बरेली के कई लोग ईरान में ही फंस गए हैं। इससे उनके परिजनों की चिंता बढ़ गई है। उनकी सकुशल वापसी के लिए दुआ की जा रही है। ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों ने एक वीडियो जारी कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि उन्हें और बाकी सभी भारतीयों को सुरक्षित देश वापस लाया जाए।


वीडियो कॉल पर रोती बुजुर्ग महिला।

किला के मोहल्ला गढ़ैया निवासी कमाल हैदर ने बताया कि उनके रिश्तेदार सलीम हैदर और उनकी पत्नी नौशाद परवीन समेत तमाम लोग ईरान में कर्बला की जियारत करने गए हैं। उनके परिजनों से संपर्क बना हुआ है, लेकिन हर बार उनकी बात डर, घबराहट और असहायता से भरी है। ईरान में हालात ठीक नहीं हैं। वहां फंसे रिश्तेदारों ने बताया कि कुछ कर नहीं पा रहे हैं। हर पल बस दुआ कर रहे हैं कि वो किसी तरह सुरक्षित लौट आएं।


ईरान में फंसे लोगों के लिए चिंतित परिवार के लोग। ● अमृत विचार

- **वीडियो कॉलिंग कर अपनों से बात की तो भर आईं आंखें**

कमाल हैदर ने बताया कि मोहल्ला गढ़ैया, कंघीटोला, सेंथल आदि स्थानों से भी लोग जियारत के लिए ईरान गए हैं। इसमें बुजुर्ग और बीमार लोग भी हैं। जब रिश्तेदारों से फोन पर बात की तो वो यही बता रहे हैं कि धमाकों की आवाजें लगातार सुनाई दे रही हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील करते हुए कहा कि हमारे अपनों को सकुशल स्वदेश लाने के लिए तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाया जाए।

## खाद, बीज की दुकानों के औचक निरीक्षण के लिए टीमें गठित

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में खाद और बीज की दुकानों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। इसके लिए तहसीलवार टीमें गठित की गईं हैं। टीमें बिना बिल के खाद, बीज और दवा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेंगी। अधिकारियों के अनुसार ऐसे दुकानदारों के लाइसेंस रद्द किए जाएंगे।

उप कृषि निदेशक अभिनंदन सिंह ने बताया कि बिल न होने की वजह से किसान नकली खाद या कीटनाशक होने पर शिकायत नहीं कर पाते हैं। जब उनकी फसलों का नुकसान होता है तब बिल न होने से वह विक्रेताओं पर क्लेम नहीं कर पाते। औचक निरीक्षण के लिए तहसीलवार टीमें गठित की गई हैं। डीएम के निर्देशों के अनुसार पूरे जिले में अभियान शुरू किया जाएगा। किसानों से भी अपील है कि खाद बीज और कीटनाशक खरीदते समय बिल जरूर प्राप्त करें जो विक्रेता बिल देने में आनाकानी करें उनकी शिकायत जिला कृषि अधिकारी या जिला कृषि रक्षा अधिकारी को की जा सकती है।

## सार-संक्षेप

### मोर्टार को गरुड़ डिवीजन की टीम ने किया था निष्क्रिय



**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर क्षेत्र में महेशपुरा रेलवे क्रॉसिंग के पास मंगलवार देर रात लाइन के पास मिले मोर्टार को गरुड़ डिवीजन की टीम ने निष्क्रिय किया था। इस पूरी कार्रवाई के दौरान तीन तीन घंटे लगे, तब तक वहां दहशत की स्थिति बनी रही। महेशपुरा रेलवे क्रॉसिंग के करीब 25-25 मीटर दूरी पर लाइन के किनारे मिट्टी का ढेर लगाने का काम चल रहा है। मंगलवार रात वहां मिट्टी में दबा मोर्टार मिला था। मजदूरों ने बम जैसी चीज देखी तो घबरा गए और शोर मचाते वहां से भागे। सूचना मिलने पर जीआरपी, सुभाषनगर पुलिस पहुंची। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि मोर्टार को लेकर उन्होंने सेना की गरुड़ डिवीजन से संपर्क किया था। इस पर वहां की 116 इंजीनियर रेजीमेंट के बम निरोधक दस्ते को भेजा गया और उन्होंने मोर्टार को निष्क्रिय किया। इस पूरी कार्रवाई में तीन घंटे का समय लगा।

### कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन



**बरेली, अमृत विचार :** जिला और महानगर कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को रामपुर गार्डन स्थित कार्यालय पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। केक काटने के बाद कांग्रेसियों ने पौधरोपण भी किया। जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि देश के विकास के लिए राहुल गांधी सदैव उच्च सोच रखते हैं। महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने कहा कि राहुल गांधी जिस तरीके से मेहनत कर रहे हैं और दुख दर्द में लोगों बीच में जा रहे हैं, इससे कांग्रेस को काफी मजबूती प्रदान हुई है। बदायूं जनपद के कोऑर्डिनेटर डॉ. केबी त्रिपाठी ने कहा कि राहुल गांधी एक दूर-दूरगामी सोच के नेता हैं। इस मौके पर डॉ. हरीश गंगवार, जिया उर रहमान, प्रवीण मिश्रा, रमेश चंद्र श्रीवास्तव, विनोद कुमार, सतीश चंद्रा, तीरथ मधुकर, साहिब सिंह, एड. देवेंद्र श्रीवास्तव, कमरुद्दीन सैफी, पूर्व मेजर एसएस गुप्ता, मोबिन कुरैशी, योगेश जायसवाल, राजीव कुमार, आमिर खान, पूनम खान मौजूद रहे।

### जमीन के फर्जीवाड़े में चार लोगों पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** फर्जी दस्तावेज तैयार कर चार लोगों ने एक महिला की जमीन का बैनामा कर दिया और उस पर कब्जे की कोशिश की। महिला ने राजस्व न्यायालय की शरण ली तो न्यायालय ने भी उसके पक्ष में फैसला दिया। आरोपी पक्ष अब भी भूखंड पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। महिला ने कोतवाली में चारों लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रेलवे नार्थ कॉलोनी निवासी शकुंतला देवी का कहना है कि उन्होंने सनइया धनसिंह में 200 वर्ग गज का भूखंड मार्च 1999 में मजीदन से खरीदा था। अगस्त 2024 में इसी भूखंड का बैनामा फतेहपुर ठाकुरान निवासी निरंजन ने सुभाषनगर निवासी बलवंत और गुरविंदर को कर दिया। दर्शाया गया कि मजीदन के भाई साबिर ने निरंजन के नाम मुख्त्यारनामा अक्टूबर 2001 में किया था। उनका कहना है कि अक्टूबर 2001 में साबिर नाबालिग था। उन्होंने राजस्व न्यायालय में बाद दायर किया तो उनके पक्ष में निर्णय आया। अब बलवंत की मौत हो चुकी है और उसका बेटा गगनदीप भूखंड पर कब्जा करना चाहता है। पुलिस ने निरंजन, साबिर, गगनदीप और गुरविंदर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना पुलिस ने 250 ग्राम गांजा के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। वह शाहजहांपुर से गांजा खरीदकर लाता और सेटेलाइट पुलिस चौकी और आसपास के इलाकों में पुड़िया बनाकर बेचता था। बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शाहजहांपुर के थाना सदर बाजार के मोहल्ला एमनजई जलालनगर निवासी अमन सक्सेना है।

### 15 बाल श्रमिक कराए मुक्त

**बरेली, अमृत विचार :** डीएम के निर्देश पर गुरुवार को श्रम विभाग की टीम ने फतेहगंज पश्चिमी और मीरगंज में अभियान चलाया। इस दौरान अलग-अलग दुकानों पर काम कर रहे 15 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। टीम ने क्षेत्र के दुकानदारों को जागरूक करते हुए कहा कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों से दुकान पर काम नहीं कराएं। अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी राम अवतार शर्मा, बी राम, राकेश कुमार, एएचटीयू और चाइल्ड लाइन से कमला देवी मौजूद रहीं। बच्चों से काम कराने वाले दुकानदारों को नोटिस देकर भविष्य में बच्चों से काम नहीं कराने को कहा।

## रिश्ता तोड़ने पर दी धमकी, चार कत्ल कर चुका हूं, अब तेरी बारी

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग युवतियों का रिश्ता ठुकराना उनके परिवारों के लिए परेशानी का सबब बन गया। दोनों मामलों में आरोपी युवतियों को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। एक मामले में एक बदमाश ने जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि चार कत्ल किए हैं, अब तेरी बारी है। पुलिस ने दोनों मामलों में 12 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

एक महिला ने बताया कि उनकी बेटी का रिश्ता पीरबहोड़ा निवासी तसलीम से तय हो रहा था। लेकिन जब जानकारी जुटाई तो पता चला कि तस्लीम नशे का आदी है। इस वजह से उन्होंने रिश्ता तोड़ दिया। आरोप है कि तभी से तसलीम का भाई कासिम बेग उनकी बेटी को बदनाम करने के लिए सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो डाल रहा है। विरोध करने पर कासिम के माता-पिता ने धमकी दी कि उनका बेटा लड़की को उठा ले जाएगा, कोई कुछ नहीं कर सकेगा। 13 जून को थाने में शिकायत देने के बाद उन्हें चौकी बैरियर दो पर बुलाया, जहां कासिम की बहनों और मां ने गालीगलौज करते हुए जबरन एक समझौते पर दस्तखत करवा लिए। अब उनका पूरा परिवार मानसिक तनाव में है और लगातार धमकियां मिल रही हैं। पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

दूसरा मामले में युवक ने बताया कि उसकी बहन का रिश्ता बारादरी के मोहल्ला कांकरटोला निवासी इरफान से तय हुआ था, लेकिन बाद में पता चला कि वह पहले से शादीशुदा है और उसका तलाक हो चुका है। जिस पर बहन का रिश्ता तोड़ दिया और मंगनी में दिए गए 50 हजार रुपये नकद, सोने की अंगूठी और अन्य सामान वापस मांगा। आरोप है कि इरफान और उसके परिवार के लोगों ने पैसा और सामान लौटाने से मना कर दिया और गालीगलौज और धमकियां देनी शुरू कर दी। इरफान के भाई इमरान, सुबहान, बहनें फरहा, महनाज और मोहल्ले का ही बदमाश शोहराव खान लगातार धमकियां दे रहे हैं। शोहराव खान ने उनके घर पर आकर धमकी दी कि चार मर्डर कर चुका हूं, पांचवां तेरा करूंगा।

# बुजुर्ग महिला को लूटने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **सुबह टहलते समय बुजुर्ग महिला के साथ की थी लूट**

**अमृत विचार :** सुबह टहलने निकली बुजुर्ग महिला के साथ लूट करने वाले दो बदमाशों को प्रेमनगर थाना पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। एक आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान थाना कैंट क्षेत्र निवासी जतिन और शिवा के रूप में हुई है। दोनों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

प्रेमनगर थाना प्रभारी आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि 15 जून को सुबह गांधीपुरम फेस द्वितीय निवासी तारावती घर के बाहर टहल रही थीं। इसी दौरान दो बदमाश आए और उनके कुंडल लूट कर फरार हो गए। पुलिस को सूचना मिली कि लूट करने वाले बदमाश मोटरसाइकिल से धर्मकांटा से त्रिवटीनाथ मंदिर की तरफ जा रहे हैं। पुलिस टीम ने दोनों का पीछा कर रोकने की कोशिश की, जिस पर दोनों ने पुलिस पर फायरिंग करना शुरू कर दिया, जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने फायरिंग की तो जतिन के पैर में गोली लगी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सात हजार रुपये, एक मोटरसाइकिल, एक तमंचा, एक खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद की है। सीओ प्रथम आशुतोष शिवम ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### पुलिस की लुटेरों से मुठभेड़, तीन गिरफ्तार



**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना पुलिस ने गुरुवार शाम मुठभेड़ में तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया है। एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। एक सिपाही भी घायल हो गया। गुरुवार शाम पुलिस को सूचना मिली की हाईवे के तरफ से एक कार में तीन बदमाश जा रहे हैं, जो लोगों को गाड़ी में बैठाकर लूट लेते हैं। सूचना पर इंस्पेक्टर चंद्र प्रकाश शुक्ल फोर्स के साथ कुआंडांडा चौराहे पहुंच गए। गाड़ी को आते देख पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन पुलिस को देखकर बदमाशों ने गाड़ी भगा दी। पुलिस ने पीछाकर बदमाशों को तयतपुर गांव के सामने चक रोड पर घेर लिया। अपने को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें सिपाही अखलाख गोली लगने से घायल हो गए। बाद में पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी। इसके बाद दो और को दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछताछ में तीनों ने अपने नाम शहबाज अली, सिकंदर निवासी रजागंज थाना पूरनपुर जिला पीलीभीत और अमन अंसारी ग्राम अहमदनगर पूरनपुर बताया। तलाशी के दौरान उनके पास से दो तमंचे, एक जिन्दा कारतूस, नौ हजार रुपये बरामद हुए। इंस्पेक्टर चंद्रप्रकाश शुक्ल ने बताया कि इन्हीं बदमाशो 15 जून को ग्राम हसुआ थाना निगोही, शाहजहांपुर को सेटेलाइट से अपनी गाड़ी में बैठा लिया और बाद में धमकाकर उससे 14 हजार रुपये और एक सोने की चेन छीनकर नरियावल पर गाड़ी से उतारकर भाग गए थे।

## डिवाइडर पर चढ़ी बस



शाहजहांपुर रोड पर नकटिया पुल से उतरते ही कैंट क्षेत्र में रोडवेज की पीतल नगरी डिपो की बस डिवाइडर पर चढ़ गई और काफी दूर तक चलती चली गई। इससे बस में सवार यात्रियों में खलबली मच गई। किसी तरह से बस रुकी तो यात्रियों ने राहत की सांस ली। बस के कंडक्टर ने बताया कि ट्रक को बचाने के चक्कर में हादसा हुआ। रिफलेक्टर न होने की वजह से ड्राइवर को डिवाइडर नहीं दिखा। ● अमृत विचार

## धार्मिक स्थलों का करें निरीक्षण, संवेदनशील इलाकों में लगाएं फोर्स

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **आगामी त्योहारों के मद्देनजर देर रात एसएसपी ने की बैठक**

**अमृत विचार :** आगामी त्योहारों और चुनावों को लेकर बुधवार देर रात पुलिस लाइन स्थित सभागार में एसएसपी अनुराग आर्य ने अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। उन्होंने साफ कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, अफसर धरातल पर उतर कर काम करें।

एसएसपी ने कहा कि मोहर्रम के जुलूस, ताजिया रूट और धार्मिक स्थलों का पहले से निरीक्षण कर लिया जाए। जिन इलाकों में तनाव की संभावना है वहां पुलिस बल पहले से तैनात रहे। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से लगातार नजर रखी जाए। सावन में कांवड़ यात्रा, शिव मंदिरों और गांव-गांव से निकलने वाले जत्थों के रूट को लेकर विशेष प्लान बनाएं। नाथ नगरी की परिक्रमा, डीजे पर नियंत्रण और धर्मगुरुओं से सामंजस्य बनाने की जिम्मेदारी भी थानों को सौंपी गई। बैठक में एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी नॉर्थ मुकेश चंद्र मिश्र, एसपी साउथ अंशिका वर्मा और एसपी ट्रैफिक अकमल खान समेत सभी सीओ और थाना प्रभारी मौजूद रहे।


पुलिस लाइन सभागार में बैठक करते एसएसपी। ● अमृत विचार

**चुनावों को लेकर संवेदनशील बूथों की लिस्ट करें तैयार :** एसएसपी ने कहा कि आगामी चुनावों के मद्देनजर सभी अफसर अपने-अपने इलाके के संवेदनशील बूथों की लिस्ट तैयार करें और वहां सुरक्षा की पूरी तैयारी रखें। साथ ही पुराने अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाए, ताकि चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो सकें। खुराफात करने वाले किसी भी अराजक तत्वों को बख्शा न जाए।

### लंबित मुकदमों को करें खत्म

एसएसपी ने बड़े अपराधों की जांच प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हत्या, लूट, डकैती और महिला अपराध जैसे मामलों में कार्रवाई में कोई ढिलाई नहीं चलेगी। थाने में लंबित मामलों को प्राथमिकता से निपटाया जाए और दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की जाए। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को हिदायत दी कि गैंगस्टर और निरोधात्मक कार्रवाई में तेजी लाएं। जनता से संवाद और उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए थानों पर नियमित रूप से जनसुनवाई हो। सोशल मीडिया पर फैलने वाली झूठी खबरों और अफवाहों पर पैनी नजर रखें।

सुखी एवं वैवाहिक जीवन के लिए सम्पर्क करें
डॉ. पुष्कर राज अरोरा क्लीनिक
(पुरूष गुप्त रोगी मिलें)
यदि आप भी धात, स्वप्न दोष, मर्दाना कमजोरी गुप्त रोगों एवं शुक्राणुओं की कमी का राज वैद्यों के नुस्खों पर आधारित कीमती एवं बहुमूल्य रत्नों, भस्मों द्वारा उचित आयुर्वेदिक इलाज करवाना चाहते हैं तो शीघ्र मिलें
निकट शाही बस स्टैंड, रामपुर रोड, बरेली
शनिवार, रविवार
लाल पुल मवेशी अस्पताल के सामने, बदायूं
गुरूवार, शुक्रवार
भुर्जी टोला, आंवला
सोमवार
समय : सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
8273105033, 9412555559

## इन्हें नहीं जान की परवाह...चालान कटवा रहे पर नहीं लगा रहे हेलमेट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **हेलमेट न लगाने पर पांच महीने में पांच हजार से अधिक पर कार्रवाई**
- **बार-बार नियम तोड़ने पर 42 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द**

**अमृत विचार :** यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने के मामले में दो पहिया वाहन चालक सबसे आगे हैं। परिवहन विभाग के आंकड़े भी यही बता रहे हैं। पिछले पांच महीने में हेलमेट न लगाने के मामले में पांच हजार से अधिक दो पहिया चालकों के चालान किए जा चुके हैं। इनमें चेकिंग के दौरान कई ऐसे वाहन मिले, जिन पर पहले से चालान लंबित थे।

इनसे लाखों रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं, हेलमेट पर बार-बार नियम तोड़ने पर 42 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किए गए। इनमें से 34 लाइसेंस स्थानीय और आठ अन्य जिलों के वाहन चालकों के शामिल हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा कार्रवाई ओवरस्पीड को लेकर की गई है।

तेज रफ्तार वाहन चलाने पर 824 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। वहीं 124 ऐसे लोगों के चालान काटे गए हैं, जो वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात कर रहे थे। इनसे एक हजार रुपये जुर्माना प्रति चालान जमा कराया गया। आरटीओ प्रशासन पंकज कुमार ने बताया कि बार-बार नियम तोड़ने वालों पर सख्ती करते हुए उनके वाहन का पंजीकरण और ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली संकट पर व्यापारियों में रोष, अधिकारियों का करेंगे घेराव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** राष्ट्र जागरण उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बृहस्पतिवार की रात निजी हाल में बैठक कर बिजली संकट को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों का घेराव करने की रणनीति बनाई। जिला संरक्षक सरदार एमपी सिंह के नेतृत्व में हुई बैठक में जिला अध्यक्ष राजकुमार राजपूत ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा व्यापारियों को जोड़ने पर जोर दिया।

बैठक में बिजली समस्या को प्रमुखता से उठाया गया। महानगर अध्यक्ष विशाल मेहरोत्रा ने कहा कि जल्द महानगर की युवा इकाई का गठन होगा और अगले सप्ताह बिजली विभाग के अधिकारियों का घिराव कर समस्या का समाधान कराया जाएगा। मंडल महामंत्री आशु अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी के अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे। चूंकि जीएसटी के अधिकारी भी व्यापारियों का शोषण करने से बाज नहीं आ रहे हैं। सुधीर अग्रवाल, अमित भारद्वाज, आशीष गुप्ता, राजेंद्र राजपूत, रजत अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, अनमोल तिवारी, अमित मिश्रा, आरपी मिश्रा, संजीव औतार अग्रवाल, प्रखर अग्रवाल, नरेंद्र सिंह, राज सूरी, रितेश शर्मा, पंकज कक्कड़, इमरान खान आदि मौजूद रहे।


एक निजी हाल में आयोजित बैठक में पहुंचे राष्ट्र जागरण उद्योग व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारी।

- **बृहस्पतिवार रात बैठक कर व्यापारियों ने बनाई रणनीति**

